क्षेत्रीय सर्वेक्षण इकाई, भुवनेश्वर (स्वास्थ्य सूचना क्षेत्रीय सर्वेक्षण इकाई)

1. **क्षेत्रीय सर्वेक्षण इकाई/प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना और इतिहास**: स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय ने छठीं पंचवर्षीय योजना के दौरान वर्ष 1981-82 में केंद्रीय स्वास्थ्य आसूचना ब्यूरो के अंर्तगत स्वास्थ्य सूचना और मॉनिटरिंग प्रणाली को मज़बूत बनाने की योजना को लागू किया और नियोजित योजना के अंतर्गत वर्ष 1981 में ओडिशा, कर्नाटक और बिहार राज्यों को कवर करने के लिए क्रमश: भुवनेश्वर, बेंगलुरू और पटना के क्षेत्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण कार्यालयों में स्वास्थ्य सूचना क्षेत्रीय इकाइयों की स्थापना की, जिन्हें अब क्षेत्रीय सर्वेक्षण इकाई के नाम से जाना जाता है। अक्तूबर, 1981 में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा वहां केवल एक अनुसंधान अधिकारी की तैनाती की गयी थी और अन्य समूह 'ग' और समूह 'घ' स्टाफ की भर्ती वर्ष 1983 के दौरान की गयी। इस इकाई की स्थापना स्वास्थ्य के क्षेत्र में आवश्यकता के आधार पर क्षेत्रीय अध्ययन करने के लिए की गई थी। केन्द्रीय स्वास्थ्य आसूचना ब्यूरो, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय में स्वास्थ्य सांख्यिकी का राष्ट्रीय नोडल संस्थान होने के नाते, इस इकाई के कार्य की मॉनिटरिंग करता है। वर्ष 2000-2001 में अनुसंधान अधिकारी के पद को उप निदेशक के पद के रुप में अपग्रेड किया गया और उप निदेशक को, समय-समय पर, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय(एमओएसपीआई) के भारतीय सांख्यिकी सेवा संवर्ग से तैनात किया जाता है। इस इकाई को वर्ष 2005 से गैर-चिकित्सा कार्मिकों के लिए और वर्ष 2014 से चिकित्सा कार्मिकों/अधिकारियों के लिए भी, केन्द्रीय स्वास्थ्य आसूचना ब्यूरो के क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र के रूप में काम करने की ज़िम्मेदारी भी सौंपी गयी। इस क्षेत्रीय सर्वेक्षण इकाई के अधिकार-क्षेत्र का भी विस्तार किया गया है और ओडिशा के अलावा, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, अंदमान और निकोबार द्विप समूह को भी इस क्षेत्रीय सर्वेक्षण इकाई के अधिकार-क्षेत्र के अंतर्गत लाया गया है।

2. **प्रकार्य:**

- स्वास्थ्य सूचना प्रणाली के तहत समय पर जानकारी प्राप्त करने के लिए आबंटित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के स्वास्थ्य सेवा निदेशालयों के साथ समन्वय स्थापित करना।
- केन्द्रीय स्वास्थ्य आसूचना ब्यूरो/वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक की अपेक्षा के अनुसार अनुसंधान अध्ययन करना।
- गैर-चिकित्सा कार्मिकों और अधिकारियों (टीओटी) के लिए अलग-अलग आईसीडी-10 और आईसीएफ हेतु प्रशिक्षण केन्द्र के रूप में कार्य करना।

- गैर-चिकित्सा कार्मिकों और अधिकारियों के लिए अलग-अलग स्वास्थ्य सूचना प्रबंधन (एचआईएम) हेतु प्रशिक्षण देना। गैर-चिकित्सा कार्मिकों के लिए चिकित्सा अभिलेख सूचना प्रबंधन(एमआरआईएम) प्रशिक्षण भी आयोजित करना।
- स्वास्थ्य क्षेत्र के नीतिगत सुधार विकल्प डेटाबेस(एचएस-पीआरओडी) के तहत नई नवाचार नीतियों के संग्रहण के लिए आबंटित राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के स्वास्थ्य प्राधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करना।
- आईसीडी-10 और आईसीएफ के लिए अलग-अलग से अर्ध-दिवसीय कार्यशालाएं आयोजित करना।

3. ऑरगेनोग्राम:



4. आयोजित किये जा रहे विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण:

1. गैर-चिकित्सा कार्मिकों के लिए स्वास्थ्य सूचना प्रबंधन (एचआईएम) - 2 बैच प्रति वर्ष।
2. गैर-चिकित्सा कार्मिकों के लिए एफआईसी(आईसीडी-10 व आईसीएफ) - 2 बैच प्रति वर्ष।
3. चिकित्सा अभिलेख सूचना प्रबंधन (एमआरआईएम) - 1 बैच प्रति वर्ष।
4. चिकित्सा कार्मिकों के लिए टीओटी(आईसीडी-10 व आईसीएफ) - 1 बैच प्रति वर्ष।
5. अधिकारियों के लिए स्वास्थ्य सूचना प्रबंधन (एचआईएम) - 1 बैच प्रति वर्ष।

5. क्षेत्रीय सर्वेक्षण इकाई के क्षेत्रीय निदेशक और केंद्रीय स्वास्थ्य आसूचना ब्यूरो के स्टाफ से संपर्क संबंधी जानकारी:

क्रम सं.	नाम	पदनाम	ईमेल आईडी	दूरभाष संख्या
1.	डॉ. एस.के. कर	वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक	rohfwbbs@rediffmail.com	09437754060
2.	डॉ.एन.एम. सोमालकर	क्षेत्रीय निदेशक	rohfwbbs.od@gov.in nilam.80@gov.in	07894263380
3.	रिक्त	उप निदेशक	rohfwbbs@rediffmail.com	-
4.	रिक्त	सांख्यिकी सहायक	rohfwbbs@rediffmail.com	09437379995
5.	डॉ. एन.पी. दास	कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी	npdash.60@gov.in	09937711440
6.	श्री चंद्रनाथ कोले	कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी	chandranath.koley@gov.in	08335967738
7.	सुश्री अंकिता पाल	कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी	ankita.pal@gov.in	08420472956
8.	रिक्त	प्रवर श्रेणी लिपिक	rohfwbbs@rediffmail.com	-

6. संपर्क करें:

क्षेत्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण कार्यालय,
भारत सरकार,
बी.जे. 25, बी.जे.बी नगर,
भुवनेश्वर - 751 014
दूरभाष संख्या: 0674-2431708
ईमेल आईडी: rohfwbbs@rediffmail.com
: ddfsu-bbsr@gov.in